## न्यूज डायरी



### इमरान खान सरकार को मंहगाई के खिलाफ अगले साल घेरेगी पीडीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बढ़ रही मंहगाई को लेकर विपक्ष अगले साल इमरान खान की सरकार का विरोध करेगी। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट अगले साल इमरान खान की सरकार के खिलाफ महंगाई के खिलाफ का विरोध–प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजन करेगी। पीडीएम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री इमरान खान सरकार के खिलाफ अगले साल 23 मार्च को इस्लामाबाद में मुद्रास्फीति विरोधी मार्च आयोजित किया जाएगा। इस्लामाबाद में पीडीएम की बैठक के बाद जेयूआई–एफ नेता ने कहा कि यह सरकार धांधली करके सत्ता में आई है। इमरान खान की सरकार बुरी तरह विफल हो रही है और लोग मुद्रास्फीति, गरीबी और बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। इसके साथ ही नेता ने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि पूरे पाकिस्तान से लोग इस्लामाबाद में इकट्ठा होंगे और इमरान खान सरकार के खिलाफ आयोजित हो रहे बड़े प्रदर्शन में शामिल होंगे।

### मंत्री ने आंग सान सू को दी गई सजा पर कहा, कानून से ऊपर कोई नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नेपीडाव। नोबेल विजेता एवं म्यांमार की जन नेता आंग सान सू की को दोषी करार दे दिया गया है। सू की, को सेना के खिलाफ प्राकृतिक आपदा कानून के तहत कोविड–19 प्रोटोकॉल के उल्लंघन और सेना के खिलाफ असंतोष प्रकट करने का आरोप सही पाया गया है, जिसके लिए सैन्य शासित म्यांमार की एक अदालत ने उन्हें 6 दिसंबर को जेल की सजा सुनाई। अदालत के इस फैसले के बाद म्यांमार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि आंग सान सू की, को दी गई सजा से यह पता चलता है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और सेना प्रमुख ने केवल मानवता के आधार पर उनकी सजा को कम कर दिया है। 76 वर्षीय सू की, को दी गई सजा के बाद सूचना मंत्री मौंग मौंग ओहन का एक बयान सामने आया है। मौंग ओहन ने एक वर्चुअल ब्रीफिंग में कहा कि म्यांमार की न्यायिक प्रणाली निष्पक्ष थी और सोमवार को नोबेल पुरस्कार विजेता और पूर्व नेता की सजा कानून के अनुसार दी गई थी।

### बीजिंग शहर में होने वाले शीतकालीन खेलों में अमेरिकी अधिकारी हिस्सा नहीं लेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के बाइडन प्रशासन ने सोमवार को ऐलान किया कि साल 2022 में चीन के बीजिंग शहर में होने वाले शीतकालीन खेलों में अमेरिकी अधिकारी हिस्सा नहीं लेंगे। अमेरिका ने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब चीनी ड्रैगन ने प्रण किया है कि वह इस तरह के राजनयिक बहिष्कार के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा। इससे पहले पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वह चीन के मानवाधिकार रेकॉर्ड के विरोध में खेलों के राजनयिक बहिष्कार पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका के इस बहिष्कार के ऐलान से उसके खिलाड़ियों के खेलों में हिस्सा लेने पर रोक नहीं लगेगी। अमेरिका साल 2028 में लॉस एंजिलिस में ओलंपिक का आयोजन करने जा रहा है। इस ऐलान के बाद अब सवाल उठने लगा है कि चीन कैसे अमेरिका को जवाब देगा।

### मिस्र में खुदाई में मिली 2500 साल पुरानी महिला और पुरुष की ममी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। पिरामिडों के देश मिस्र में दो अलग–अलग मकबरों से एक महिला और एक पुरुष की ममी मिली है जो 2500 साल पुरानी है। इन प्राचीन ममी के अंदर जीभ की जगह पर सोने की प्लेट पाई गई है। यह मकबरा लाइम स्टोन से बना है। पुरातत्वविदों के मुताबिक पुरुष के अवशेष और उसका मकबरा पूरी तरह से सुरक्षित है। इस मकबरे को सील किया गया था और उसके अंदर से कई अद्भुत कलाकृतियां भी बरामद हुई हैं। पुरातत्वविदों ने बताया कि महिला के अवशेष अच्छी स्थिति में नहीं हैं और इस बात के संकेत हैं कि चोरों ने महिला के मकबरे को खोदा भी था। यह खोज यूनवर्सिटी ऑफ बार्सीलोना के द्वारा की गई है। यूनिवर्सिटी ने कहा कि यह मकबरा मिस्र के 26वें राजवंश का है।

# दुनियाभर में ओमीक्रोन का कहर ब्रिटेन में कम्यूनिटी स्प्रेड शुरू

खतरा

## दक्षिण अफ्रीका में ओमीक्रोन मामले पांच गुना बढ़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। दक्षिण अफ्रीका से शुरू हुआ कोरोना वायरस का ओमीक्रोन वेरिएंट अब तेजी से पूरी दुनिया में फैलना शुरू हो गया है। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने संसद में स्वीकार किया है कि इंग्लैंड में ओमीक्रोन वेरिएंट का कम्युनिस्टी स्प्रेड शुरू हो गया है। ब्रिटेन में गत 24 घंटे में ओमीक्रोन कोरोना वेरिएंट के 90 नए मामले सामने आए हैं, जिससे इसकी कुल संख्या बढ़कर 336 हो गई है। वहीं दक्षिण अफ्रीका में भी कोरोना के केस 5 गुना बढ़ गए हैं। ब्रिटेन में इंग्लैंड में 64, स्कॉटलैंड में 23 और वेल्स में ओमीक्रोन वेरिएंट के 3 नए मामले सामने आए हैं। उत्तरी आयरलैंड में अभी तक ओमीक्रोन के किसी भी मामले की पुष्टि नहीं हुई है। पूर्वी एंग्लिया विश्वविद्यालय के संक्रामक रोगों के विशेषज्ञ प्रोफेसर पॉल हंटर ने बीबीसी को बताया कि ओमीक्रोन वेरिएंट हफ्तों के भीतर प्रमुख डेल्टा वेरिएंट



से ज्यादा तेजी से फैल सकता है। उन्होंने कहा कि नया वेरिएंट 'डेल्टा वेरिएंट' की तुलना में ज्यादा तेजी से फैल रहा है, जबकि दक्षिण अफ्रीका जहां पहली बार इस वेरिएंट का पता चला था वहां के अधिकारियों ने कहा कि मामलों में तेजी से बढ़ोतरी आई है।

**ब्रिटेन में कोरोना वायरस से बीते 24 घंटे में 41 मौतें:** जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में कोरोना के बीते 24 घंटे में 51,459 नए मामले सामने आए, जिससे देश में कोरोना वायरस के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 10,515,239 हो गई। देश में कोरोना वायरस से बीते 24 घंटे में 41 मौतें हुई, जिससे मौतों की कुल संख्या बढ़कर 145,646 हो गई है। इन आंकड़ों में केवल उन लोगों की मौत शामिल है, जिनकी मौत उनके पहले पॉजिटिव परीक्षण के 28 दिनों के अंदर हुई थी। नए आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में 12 साल और उससे ज्यादा उम्र के लगभग 89 प्रतिशत लोगों को टीके की पहली खुराक मिली है और लगभग 81 प्रतिशत को दोनों खुराकें मिली हैं। 35 प्रतिशत से ज्यादा लोगोंको बूस्टर खुराक या कोरोनावायरस वैक्सीन की तीसरी खुराक मिली है।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा है कि कोविड–19 की चौथी लहर प्रत्याशित थी और नए ओमीक्रोन स्वरूप का सामने आना अपरिहार्य था। रामफोसा ने कहा कि संक्रमण में वृद्धि शचिंताश का विषय है। पिछले एक सप्ताह में संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है, जहां कुल नमूनों की कोविड–19 जांच में से लगभग एक चौथाई संक्रमित पाए जा रहे हैं। दो हफ्ते पहले, जांच में केवल दो प्रतिशत लोग संक्रमित मिल रहे थे।

**दुनियाभर में कोरोना वायरस के मामले 26.63 करोड़:** इस बीच वैश्विक कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 26.63 करोड़ हो गए हैं। इस महामारी से अब तक कुल 52.6 लाख से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं जबकि 8.21 अरब से ज्यादा का वैक्सीनेशन हुआ हैं। ये आंकड़े जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने साझा किए हैं।

## इजरायल ने सीरिया के लताकिया बंदरगाह पर किया मिसाइल हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दमिश्क। सीरिया की सेना ने कहा है कि इजरायल के लड़ाकू विमानों ने तटीय शहर लताकिया के बंदरगाह पर मंगलवार तड़के मिसाइलें दागीं। उसने बताया कि हमले में किसी की मौत नहीं हुई है। सीरिया के सरकारी मीडिया ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि बंदरगाह पर उस स्थान पर मिसाइलें गिरीं जहां अनेक कंटेनर रखे हुए थे, हमले से कई कंटेनरों में आग लग गई। लताकिया आयात के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण बंदरगाह है।

सीरिया के सरकारी टीवी पर बताया गया कि बंदरगाह पर पांच बार धमाकों की आवाज आई, कंटेनर जहां रखे थे उस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आग लग गई जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को उस ओर भेजा गया। इस बारे में इजराइल की सेना की ओर से अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

बता दें कि सीरिया और इजरायल के बीच लगातार एक–दूसरे पर हमले होते रहते हैं। कुछ समय पहले सीरिया को इजरायल के परमाणु रिएक्टर पर मिसाइल दागना महंगा पड़ गया था। यह मिसाइल इजरायल के नेगेव रेगिस्तान में जा गिरी थी। इसी इलाके में शिमोन पेरेज नेगेव न्यूक्लियर रिसर्च सेंटर है, जहां इजरायल ने अपना पहला परमाणु बम बनाया था।



## नए कदमों से चलकर दुनिया को उम्मीद दे रहा मासूम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। बारूदी सुरंगों की ढेर पर बैठा अफगानिस्तान मासूम बच्चों के लिए काल बनता जा रहा है। दशकों तक भीषण जंग का गवाह रहे अफगानिस्तान में पहले सोवियत सेना और फिर अमेरिकी सेना ने जमकर बम बरसाए। तालिबान ने भी कई भीषण हमले किए। इसके शिकार ऐसे बच्चे भी हो रहे हैं जो अभी चलना सीख ही रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी शेयर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बम विस्फोट में अपने एक पैर गंवाने वाले मासूम बच्चे का यह वीडियो अफगानिस्तान का है। इस वीडियो को आईसीआरसी ने जारी किया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मासूम बच्चे का दाहिना पैर उड़ गया है और वह कृत्रिम पैर की मदद से चलने की कोशिश कर रहा है।

# स्विटजरलैंड ने आत्महत्या की मशीन को दी मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ज्यूरिख। स्विटजरलैंड ने ताबूत के आकार की एक मशीन को कानूनी मंजूरी दे दी है। इस मशीन की मदद से लोग मात्र 1 मिनट में बिना दर्द के शांतिपूर्ण तरीके से मौत को गले लगा सकेंगे। इस मशीन को बनाने वाली कंपनी ने यह जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि मशीन के अंदर ऑक्सीजन का स्तर बहुत कम हो जाता है जिससे इंसान की हायपोक्सिया और हाइपोकैनिया से मौत हो जाती है।

इस मशीन को अंदर बैठकर भी संचालित किया जा सकता है। यह मशीन ऐसे मरीजों के लिए मददगार है जो बीमारी के कारण



बोल नहीं पाते हैं या हिल नहीं पाते हैं। इस मशीन को यूजर को अपनी पसंदीदा जगह पर ले जाना होगा। इसके बाद मशीन का नष्ट होने योग्य कैप्सूल अलग हो जाता है ताकि उसे ताबूत की तरह से इस्तेमाल किया जा सके। बताया जा रहा है कि आत्महत्या की मशीन बनाने का विचार गैर लाभकारी संस्था एक्जिट इंटरनैशनल के निदेशक और डॉक्टर डेथ कहे जाने वाले डॉक्टर फिलीप निटस्चके ने दिया है।

**डॉक्टर डेथ की बड़े पैमाने पर लोग कर रहे आलोचना:** स्विटजरलैंड में मदद के साथ आत्महत्या करना कानूनी माना जाता है और पिछले साल 1300 लोगों ने इस सेवा का इस्तेमाल आत्महत्या करने के लिए किया। डॉक्टर डेथ ने कहा कि अगर कोई अप्रत्याशित कठिनाई नहीं हुई तो हम अगले साल तक सार्को मशीन को देश में मुहैया करा देंगे। यह अब तक बेहद महंगा प्रॉजेक्ट है लेकिन हमें भरोसा है कि हम अब इसे क्रिन्यान्वित करने के बेहद करीब हैं। लोग उनके मशीन में इस्तेमाल किए जाने वाले तरीके को गलत बता रहे हैं। उनका कहना है कि यह एक गैस चेंबर की तरह से है।

## अब यूएई में शनिवार रविवार को होगा वीकेंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। अब संयुक्त अरब अमीरात में आफिशियल वर्किंग वीक सोमवार से शुक्रवार होगा। लोगों को हफ्ते में साढ़े चार दिन काम करना होगा। शनिवार और रविवार को वीकेंड की छुट्टी होगी। यह फैसला अगले महीने यानी जनवरी 2022 से लागू होगा। इसके साथ ही यूएई उन कुछ खाड़ी के देशों में शामिल हो जाएगा जहां रविवार से गुरुवार वर्कींग वीक नहीं होगा। घोषणा में कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी शुक्रवार को आधे दिन काम करेंगे और फिर शनिवार और रविवार को छुट्टी लेंगे। निजी उद्योग और स्कूल इसका पालन करेंगे, जो साल 2006 से इस्लामिक वर्कवीक (शनिवार–बुधवार) पालन करते थे। ईरान और अफगानिस्तान जैसे कुछ मुस्लिम देशों में इस्लामिक वर्कवीक का पालन किया जाता है। सरकार ने इस निर्णय की सराहना करते हुए दावा किया है कि यूएई दुनिया का पहला देश बन गया है, जहां पांच दिन से कम वर्कींग वीक होगा। कहा गया है कि इसका मकसद कामकाजी जीवन में संतुलन और सामाजिक खुशहाली को बढ़ावा देना है।